परसनेऊ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की हालत खस्ता, कभी भी हो सकता है हादसा

- विद्यार्थियों में फूटा गुस्सा, मुख्य रास्ता जाम किया

राजलदेसर (निसं)। तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत परसनेऊ में अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने व विद्यालय की जर्जर हालत को लेकर विद्यार्थी सड़कों पर उतर गए। गांव के मुख्य रास्तों पर प्रदर्शन किया जिसकी वजह से करीब 1 घंटे तक रास्ता पूरी तरह से जाम रहा। जिसके चलते आमजन व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गयी। सूचना मिलते ही मौके पर राजलदेसर पुलिस भी पहुंची। प्रदर्शन कर रही छात्राओं व ग्रामीण जनों से समझाइश की। लेकिन विद्यार्थी अपनी बात पर अडिग रहे।

उन्होंने कहा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक वह रास्ते से नहीं हटेंगे। ग्रामीण जनों ने भी छात्राओं से समझाया रास्ता खोलने की बात की लेकिन छात्रों ने उनकी बात भी नहीं सुनी। छात्र छात्राओं व ग्रामीणजनों ने बताया स्कूल की भी हालत जर्जर अवस्था में है वह किसी भी समय गिर सकता है डर के कारण छात्र सड़क पर उतर गए हैं आखिर बच्चे कहां पढ़े उनको हर समय डर लगा रहता।

विद्यालय की समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राओं ने रास्ता जाम करके प्रदर्शन किया।

वहीं उन्होंने बताया कि अध्यापकों के पद ऐसे ही रिक्त चल रहे हैं लेकिन कुछ दिन पहले ही व्याख्याता श्रवण जोशी को आलसर बास डेपुटेशन पर लगा दिया गया है उनको वापस यहां पर लगाएं जाए यह भी उनकी प्रमुख मांग थी। इस मौके पर थानाधिकारी रतनलाल ने काफी समझाइश करके रास्ता खुलवाया फिर भी छात्र विद्यालय परिसर के आगे धरने पर बैठ गए। मौके पर एसीबीओ उमेश जाखड भी मौके पर पहुंचे तथा बच्चों की बात को सुना। उन्होंने कहा कि मौके पर ही विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि जिस अध्यापक को डेपुटेशन पर अन्य जगह लगाया गया है उनको फिर से यहां पर लगाया जाएगा।

विद्यालय की जो जर्जर अवस्था है उसको लेकर भी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ।बच्चों ने यहां तक आरोप लगाया कि जो अध्यापक है वह समय पर नहीं आते हैं जिसके कारण उनकी पढ़ाई भी बाधित होती है जिसको लेकर भी जाखड़ ने कहा कि प्रधानाचार्य से पूरी रिपोर्ट लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। वहीं उपतहसीलदार पूजा पारीक भी मौके पर पहुंची।

विद्यार्थियों व ग्रामीण जनों से वार्तालाप कर समझाइश की व विद्यालय की जर्जर हालत का निरीक्षण भी किया एवं शिक्षकों के बीच चल रही कहासुनी को लेकर भी समझाइश की गई। इस अवसर पर सरपंच गोमती देवी, मनोज भगवानाराम, श्रीराम हिम्मत सिंह सहित अनेकों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

उदयपुरवाटी में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय पुरोहितों की ढाणी में ग्राम पंचायत देवीपुरा बणी सरपंच रामकरण पूनिया एवं भामाशाह प्रहलाद राय जांगिड़ द्वारा पौधारोपण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य किशोरी लाल सिंघल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएमसी पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे। ग्राम पंचायत सरपंच रामकरण पूनिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भी पौधे वितरित किए। इस मौके पर व्याख्याता महावीर प्रसाद, प्रदीप कुमार शर्मा, संतोष कुमार कुमावत, श्रवण कुमार जांगिड़, जयप्रकाश, गोवर्धन शर्मा, गंगाधर, मनीष कुमार, मुकेश कुमार फौजी, पूजा पारीक आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

झूलनोत्सव महोत्सव शुरू

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। नगर धणी श्री रघुनाथ जी के बड़े मंदिर में झूला महोत्सव का शुभारंभ रविवार से हुआ।महोत्सव श्रावण में मनाये जाने वाले झूलनोत्सव में भगवान श्री रघुनाथजी और माता सीता को झूला झुलाया जाता है। इस दौरान मंदिर को फूलों व रोशनी से विशेष रूप से सजाया जाता है तथा भजन-कीर्तन का आयोजन होता है। प्राचीन परंपरा के अनुसार श्रावण सुदी दूज यानी तीज के सिंजारे के दिन भगवान श्री राम व माता सीता के श्री विग्रह को गर्भ गृह से बाहर झूला लगाकर उसमें विराजमान कर झूलाया जाता है। मंदिर महंत अशोक दास महाराज ने बताया कि सिंजारा के दिन मां जानकी सहित श्री रघुनाथ जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है व नवीन पोशाक धारण कराई जाती है व शाम को विशेष आरती की जाती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले माता जानकी सहित श्री रघुनाथ जी को इमली, दही,बालू मिट्टी व गोपीचंदन से स्नान कराया जाता है, महंत महाराज ने बताया कि यह मंदिर की प्राचीन परम्परा है व वर्ष में एक बार श्रावण मास में ही होती है। उन्होंने बताया कि झुलोत्सव श्रावण सुदी एकादशी तक चलेगा तथा मंदिर में सजावट झुलोत्सव के अंतिम दिन तक बढ़ती रहेगी। इस अवसर पर भगवान को एक से बढ़कर एक दिव्य एवं आकर्षक नवीन पोशाक धारण कराई जाती है। महाराज ने बताया कि भगवान के इस झूले का निर्माण हुए 100 वर्ष से भी ज्यादा समय हो गया है बावजूद इसके आज भी यह झूला बहुत आकर्षक और ऐतिहासिक तथा दर्शनीय हैं। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव भगवान श्री रघुनाथजी और माता सीता के प्रति भक्तों की श्रद्धा और प्रेम का प्रतीक है।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कोटपा एक्ट में चालान काटे

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को सीकर शहर में कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन मे टीम ने बस डिपो,पिपराली रोड, बजाज रोड जनाना अस्पताल के सामने 25 से अधिक दुकानो पर जांच की तथा कोटपा एक्ट के तहत चालान बनाये गये। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया की चिकित्सा विभाग की टीम ने सीकर शहर मे कोटपा एक्ट के तहत चालान कार्यवाही की और जिन दुकानदारो ने नाबालिगो को तम्बाकू उत्पाद बेचने सम्बन्धित सूचना प्रदर्शित नही कर रखी थी। उन दुकानदारों पर कोटपा अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की। दुकानदारों को तम्बाकू सम्बन्धित सभी नियमो का उचित रुप से पालन करने के निर्देश दिये गये। सभी दुकानदारों को चेतावनी बोर्ड आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिये गये। दुकानदारो को बताया गया कि कोई भी दुकानदार किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों को प्रदर्शित नही करे एवं आवश्यक रूप से बोर्ड लगाये तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद नही बेचे। कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय शर्मा द्वारा की गयी।टीम में शिवसिंह शेखावत साथ रहे।

राकेश कुमार स्काउट के सचिव नियुक्त

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ़ के सचिव पद पर राकेश कुमार ग्रुप लीडर (स्काउट) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ,देवीपुरा को नियुक्त किया गया। निवर्तमान सचिव नरेन्द्र कुमार स्वामी ने बताया कि स्थानीय संघ की गत बैठक में सचिव पद हेतु चर्चा के पश्चात एडवांस कोर्स, सचिव प्रशिक्षण और स्काउट आंदोलन के लिए सक्रिय कार्य करने पर प्रभारी सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) संदीप कुमार व्यास सीबीईओ, रतनगढ़ और कार्यकारिणी अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने सचिव पद पर राकेश कुमार ग्रुप लीडर (स्काउट) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, देवीपुरा को नियुक्त किया।नव नियुक्त सचिव राकेश कुमार ने कहा कि निवर्तमान सचिव नरेन्द्र कुमार स्वामी का कार्यकाल शानदार रहा इनके नेतृत्व में स्थानीय संघ ने बेहतरीन कार्य किया ।साथ ही सचिव राकेश कुमार ने भी विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से स्थानीय संघ नित नए आयाम स्थापित करेगा

शिक्षण सामग्री वितरित

रतनगढ़ (निसं)। रा.उ. प्राथमिक विद्यालय सिमसिया पुरोहितान में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत व मनीषा चारण के सौजन्य से जरूरतमंद 15 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक श्री सुरेन्द्र कुमार एचरा ने की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक दंपति के सौजन्य से आज विद्यालय में खोले गए मिनी स्टेशनरी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद 15 छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इसके साथ ही हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। विद्यालय स्टॉफ ने भी विधार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की। इस अवसर पर अंजना शर्मा, संजय कुमार, राकेश, सीताराम, चुन्नीलाल, मनी राम, मंजू,मघी अध्यापक उपस्थित थे।विद्यालय स्टाफ ने शिक्षक दंपति का आभार व्यक्त किया।

अवैध अफिम सहित दो गिरफ्तार

तारानगर (निसं)। तारानगर पुलिस व डीएसटी टीम ने नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 3.028 किलोग्राम अवैध अफीम सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की हैं। थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि नशाखोरी के खिलाफ विशेष अभियान के अन्तर्गत तारानगर पुलिस थाना व डीएसटी टीम ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुये नागौर जिले के हिमताराम व रामुराम को 3.028 किलोग्राम अवैध अफिम के साथ गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया। पुलिस अवैध मादक पदार्थ अफिम तस्करी में ली जा रही गाड़ी भी जप्त की हैं उक्त मामले की अग्रिम जांच अनुसंधान दूधवाखारा थानाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में तारानगर एसएचओ गौरव खिड़िया, डीएसटी प्रभारी जयप्रकाश, कॉंस्टेबल विकास, ओमप्रकाश, बलवान, चालक अजीतसिह आदि की विशेष भूमिका रही।

पाबूसर मुक्तिधाम में पौधे लगाए

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ तहसील के गांव पाबूसर में हरियाली तीज पर रविवार को मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत सरपंच उषा कंवर, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी हिम्मत सिंह के नेतृत्व में हरियाली तीज मनाई। गांववासियों ने मुक्तिधाम में 51 पेड़ पौधे लगाए।

उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

सादुलपुर, (निसं)। विधायक मनोज न्यागली ने सोमवार को राजकीय उपजिला अस्पताल, में ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों को रक्त की आवश्यकता होने पर शहर के बडे अस्पतालों या ब्लड बैंकों की ओर नहीं जाना पडेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डॉ. हर्षिता राव ने की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्षो पुरानी मांग ब्लड स्टोरेज यूनिट क्षेत्र के लिए एक बडी राहत है। अब समय पर रक्त उपलब्ध होने से गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाई जा सकेगी ।ओर मरीजों को खून के अभाव में रेफर नही किया जा सकेगा। विधायक ने कहा कि शीघ्र अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी को पूरा कर लिया जाएगा।विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य हाल जाना और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड के बाहर क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल की सुरक्षा और स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर।अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षिता राव ने अस्पताल में संचालित गतिविधियों की और सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। तथा बताया अस्पताल में 50 से अधिक प्रकार की जांच सुविधाएं नियमित रूप से की जा रही हैं। अब गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पडेगी। इस मौके पर डॉ. सोमवीर चोपडा, डॉ.मनीराम डूडी, डॉ.प्रवीण झाझरिया, डॉ भैरूराम ईसराण, डॉ.अजय पाल पायल, डॉ.मनीष लांबा, डॉ.नीरज अहलावत, डॉ.संजीव कालेर, डॉ संतोष, लैब मदन लाल बरबड, लैब टेक्नीशियन किरण, महेन्द्र दिनोदिया सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

भाजपा एवं कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका के खिलाफ जुलूस निकाला

- सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- महिलाओं ने अधिशासी अधिकारी के चेंबर पर कब्जा किया
- अधिशासी अधिकारी ने 10 दिन का आश्वासन दिया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में रेलवे के द्वारा बाउंड्री बनाने के बाद वार्ड नंबर 35,34,1 के प्रमुख व्यक्तियों ने एवं भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं ने लंबे समय से तीनों वार्डों में नालियों के पानी की निकासी नहीं होने के कारण लगातार नगर पालिका को अवगत करवा रहे हैं लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद किसी तरह की सुनवाई नहीं होने के कारण सोमवार को वार्ड नंबर 1 से विशाल आक्रोश रैली निकाली गई।

कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई नगर पालिका भवन पहुंची जहां पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा एवं नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता भरत गौड़ को बुरी तरह से घेर लिया एवं नगर पालिका के खिलाफ भाजपा एवं कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। वहीं भाजपा नेताओं ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाएं। वहीं महिलाओं ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के चेंबर पर कब्जा जमा लिया एवं जब तक मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक चेंबर छोड़ने से मना किया।

वही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने कनिष्ठ अभियंता के साथ जाकर तीनों वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी की निकासी के लिए तीन जगह पॉइंट निर्धारित किया एवं रेलवे की जो भी राशि होगी 10 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया तब जाकर एवं उपस्थित वार्ड के लोगों ने मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि 10 दिन में अगर कार्य नहीं हुआ तो नगर पालिका के आगे तालाबंदी करके बड़ा आंदोलन किया जाएगा। तथा उपस्थित लोगों ने नगर पालिका पर 5 करोड से अधिक राशि के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा, नगर महामंत्री शीतल खडोलिया, भाजपा नेता शंकरलाल खडोलिया,पार्षद जयचंद महावर, पार्षद पवन प्रजापत, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन मारू, वरिष्ठ भाजपा नेता जोराराम माली, भवानी सैनी मंत्री, इसी प्रकार कांग्रेस पार्षद राहुल सैनी पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, सेवादल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी, कांग्रेस युवा नेता अनिल खडोलिया, शंकर लाल प्रजापत, राजलदेसर संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवकिशन सुथार, सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट धर्मेंद्र राजवी, विजय कुमार सैनी, मांगीलाल प्रजापत अकाउंटेंट, किशोर पारीक, बबलू जैन, फोटोग्राफर हरीश प्रजापत, मनोज दाधीच, दीनदयाल सोनी, बनवारी मारू, बाबू, मंजू शर्मा, सुमित्रा, पाना देवी, बेबी सहित सैकड़ो महिलाएं पुरुष जुलूस में उपस्थित थे। घटना को देखते हुए मौके पर ही पुलिस भी पहुंची।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है। **कार्य का नामः** जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन, **कार्य की अवधिः कैटरिंगः**– 5 वर्ष, **लोट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समयः** दिनांकः–05.08.2025 समयः– 12:00 बजे से, **स्टेशनः** सुजानगढ़, **PF:** 1, **स्थानः** Center of Platform, **श्रेणीः** GMU-General (W), **स्टेशनः** सुजानगढ़, **PF:** 1, **स्थानः** Toward RTGH end, **श्रेणीः** GMU-General (N), **स्टेशनः** नागौर, **PF:** 2, **स्थानः** on MTD side (2nd from MTD end), **श्रेणीः** SMU-ST (N), **स्टेशनः** नोखा, **PF:** 1, **स्थानः** on BKN Side (1st from BKN end), **श्रेणीः** SMU-SC (N), **स्टेशनः** जालौर, **PF:** 1, **स्थानः** At Center of platform & near station building, **श्रेणीः** SMU-OBC (N). **927-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

सीकर के गो सेवा केंद्र रैवासाधाम में श्रावणी वन सोमवार मनाया

सीकर, (निसं)। भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन समिति सीकर की ओर से गो सेवा केंद्र रैवासाधाम में श्रावणी वन सोमवार पर्व मनाया गया। संत मनोहरशरणदास महाराज के सानिध्य एवं समिति के जिलाध्यक्ष पवन मोदी की अध्यक्षता आयोजित पर्व में 11 सौ से भी अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने गौशाला में गायों की सेवा करते हुए श्रावण माह में शंकर भगवान को भजनों के माध्यम से रिझाया और पूजन व आरती की।

संत मनोहरशरणदास महाराज ने गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में गाय ही हमारे कष्टों को दूर करती है क्योंकि गाय में तैंतीस करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं।

महाराज ने प्रत्येक व्यक्ति से गाय की सेवा करने का आव्हान करते हुए कहा कि गाय की सेवा करने से ही गौ माता बच पाएगी। उन्होंने मातृ शक्ति से भी कहा कि वे भी गो सेवा करेंगी तो बच्चों में अच्छे संस्कार आएंगे।

गो सेवा केंद्र रैवासा के अध्यक्ष पवन मोदी ने कहा कि पूज्य स्वामी राघवाचार्यजी महाराज ने महिलाओं से प्रतिदिन एक रूपया गौ सेवा के लिए निकालने के लिए कहा था जिसका पालन मातृ शक्ति कर रही है।



भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन समिति सीकर की ओर से गो सेवा केंद्र रैवासाधाम में श्रावणी वन सोमवार पर्व मनाया गया।

कहा कि मातृ शक्ति का हमेशा से ही गौशाला से विशेष लगाव होने से वे आर्थिक सहयोग व सेवा कर रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि छह महिने के 11 हजार और एक साल के 21 हजार रूपये से कोई भी गाय को गोद लेकर सेवा कर सकता है। कहा कि रैवासा गौशाला में पंचगव्य औषधि तैयार की जाती है। इस दौरान ग्यारह सौ से भी अधिक महिलाओं सहित पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, श्रवण काबरा, पतीश पंजाबी, रामस्वरूप पलसाना वाले, महेश साबू, प्रवीण सेठी, रामकुमार चौधरी, सांवरमल शर्मा, दिनेश पारीक आदि मौजूद रहे।

'राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में दिनभर जलती हैं स्ट्रीट लाइटें'

सादुलपुर, (निसं)। कस्बा राजगढ के गत कई दिनों से जहां दिनभर स्ट्रीट लाईटे जलने से विद्युत की अनावश्यक खप्त होती है, वहीं आमजन की जेब पर भार भी पड रहा है। एक तरफ बिजली विभाग द्वारा लाखों रूपये खर्च कर बिजली बचाने के प्रचार-प्रसार किया जाता है, वहीं दुसरी तरफ राजगढ नगरपालिका क्षेत्र में दिनभर स्ट्रीट लाईटे जलती देखी जा रही है। मगर इस ओर ना तो विभाग ध्यान दे रहा है और ना ही नगरपालिका प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है। सोमवार दोपहर एक बजे के करीब देखा गया कि मिनीसचिवालय, बस स्टेण्ड, वार्ड ०9, सिल्वर फैक्ट्री के आसपास सहित नगरपालिका क्षेत्र राजगढ के कई स्थानों पर दिनभर स्ट्रीट लाईटे जलती नजर आई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट प्रीतम शर्मा ने बताया कि रात के समय गलियों में स्ट्रीट लाईटे नहीं जलती है, जबकि शहर में बहुत सी जगहों पर दिनभर स्ट्रीट लाईटे जलने से आमजन की जेब पर भार पड रहा है। उन्होंने बताया कि रात में स्ट्रीट लाईटे गुल रहने के दौरान जब विभाग के शिकायत नम्बर पर फोन किया जाता है तो कोई रिसिव भी नहीं करता और ना ही कोई अधिकारी फोन उठाते। ऐसी बिडम्बना के कारण आमजन परेशान रहता है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या / कार्य का नामः** गति-शक्ति/इंजी./ जेपी / 2025-26/08 उप मुख्य अभियंता (जी.एस.यु.) जयपुर-जयपुर मण्डल में जयपुर-रींगस-सीकर-चुरू एवं सीकर-लुहारू सेक्सन के बीच विभिन्न स्टेशनों पर प्लेटफार्म को उठाना/विस्तार करना, प्लेटफार्म शैल्टर और अन्य सहायक सिविल इंजीनियरिंग प्रदान करने का कार्य, **अनुमानित लागत रूपयेः** 314797064.04, **बयाना राशि रूपयेः** 1724000/-. 1 उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड – मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2 निविदा स. गति-शक्ति/इंजी./जेपी/2025-26/08 की बन्द होने की तिथि 18.08.25 समय 15. 30 बजे एवं खुलने की तिथी 18.08.25 समय 16.00 बजे। **924-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीडीपीओ के खिलाफ प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर को सीडीपीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आंगनबाडी कर्मचारी संघ की जिला महामंत्री सविता धोलिया के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं मजदूर कार्यालय से जुलूस निकालकर नारेबाजी करती हुई आगे बढी। शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारी महिलाएं बिजली बोर्ड, मिनी सचिवालय और पंचायत समिति होते हुए महिला बाल विकास विभाग पहुंचे। जहां उन्होंने परियोजना अधिकारी चूरू के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आंगनबाडी कार्यकर्ता सविता धोलिया को दिए गए सेवा पृथक्कीकरण संबंधी प्रथम नोटिस को वापस लेने की मांग की गई। महिलाओं का आरोप है कि धोलिया आंगनबाडी केंद्र, सेक्टर ददरेवा की कार्यकर्ता सविता धोलिया को दिया गया नोटिस (क्रमांक 600) न्यायोचित नहीं है। उनका कहना है कि यह द्वेषपूर्ण तरीके से की गई कार्रवाई प्रतीत होती है। नोटिस में कारण बताओ नोटिस देने का हवाला दिया गया है, जिसका पहले ही प्रतिउत्तर दिया जा चुका है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पीडिता आंगनबाडी कर्मचारी ने विभाग के कार्यों की कभी अवहेलना नहीं की है। ज्ञापन में विभाग और क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं का भी जिक्र किया गया। इनमें 5 जी मोबाइल, सिमकार्ड और डाटा राशि उपलब्ध करवाना, आंगनबाडी केंद्रों पर वाई-फाई की सुविधा, जर्जर भवनों की मरम्मत और अन्य सुविधाओं का विस्तार शामिल है। आंगनबाडी कर्मचारियों का कहना है कि इन मुद्दों पर बार-बार ज्ञापन देने के कारण सीडीपीओ द्वेषभाव रखते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वे इस कार्रवाई को स्वीकार नहीं करेंगे।

भूतनाथ महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक संपन्न

चूरू (निसं)। सावन माह के तीसरे सोमवार को चांदनी चौक स्थित भूतनाथ महादेव मंदिर में 38वां वार्षिक रुद्राभिषेक समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संतोष कुमार धानुका ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर अंचल में सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित रविशंकर शास्त्री के सानिध्य में 11 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शंकर का अभिषेक करवाया। कार्यक्रम के दौरान बम-बम भोले के जयकारों ने आसमान को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मंदिर का फूलों से भव्य श्रृंगार कर महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम धानुका, महेंद्र धानुका, भीखराज सिरसलेवाला, सांवरमल पारीक, प्रमोद शर्मा, विमल जोशी, राकेश गोयल, आदित्य कुमार शर्मा, राधेश्याम सिरसलेवाला सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)-यू40109आरजे 2000 एसजीसी 016483, पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस,जोधपुर-342003
फोन नं. : 01562-2250058 फैक्स न. : 01562-250372, ईमेल :- seomcur@gmail.com, वेबसाईट :- www.jdvvnl.com

ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

क्र. सं.	टेण्डर संख्या	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित राशि का विवरण	निविदा प्रस्तुतीकरण आरंम्भ तिथि	निविदा प्रस्तुतीकरण अन्तिम तिथि
1	टीएन 03/2025-26	चूरू वृत के रतनगढ उपखण्ड के अन्तर्गत नये 33/11 केवी सब स्टेशन सेहला का निर्माण 33 केवी लाईन, एवं 11 केवी लाईन कार्य एलआरसी दर 2025 पर संपादन हेतु प्रस्तावित UBN No.: JVV2526WSOB00316	592030.00	24.07.2025 दोपहर 3 बजे तक	31.07.2025 दोपहर 3 बजे तक
2	टीएन 04/2025-26	चूरू वृत के भादासर उपखण्ड के अन्तर्गत नये 33/11 केवी सब स्टेशन सोनपालसर का निर्माण 33 केवी लाईन, एवं 11 केवी लाईन कार्य एलआरसी दर 2025 पर संपादन हेतु प्रस्तावित UBN No.: JVV2526WSOB00317	861805.00	24.07.2025 दोपहर 3 बजे तक	31.07.2025 दोपहर 3 बजे तक
3	टीएन 05/2025-26	चूरू वृत के भादासर उपखण्ड के अन्तर्गत नये 33/11 केवी सब स्टेशन कंवलासर का निर्माण 33 केवी लाईन, एवं 11 केवी लाईन कार्य एलआरसी दर 2025 पर संपादन हेतु प्रस्तावित UBN No.: JVV2526WSOB00318	942057.00	24.07.2025 दोपहर 3 बजे तक	31.07.2025 दोपहर 3 बजे तक

राज.संवाद/सी/25/7055

अधीक्षण अभियंता (एक्स)
जो.वि.वि.नि.लि., चूरू

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045